# भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
# तिरुवनंतपुरम

## आईआईएसटी में अगस्त 7, 2026 को प्रवेश के लिए रिपोर्ट करने वाले स्नातकोत्तर उम्मीदवारों के लिए अनुदेश

उम्मीदवारों को स्नातकोत्तर प्रवेश के लिए अगस्त 7, 2026 (शुक्रवार) को सुबह 9:00 बजे आईआईएसटी में रिपोर्ट करना होगा। जो उम्मीदवार 7 अगस्त, 2026 को रिपोर्ट नहीं कर पाते हैं, वे शनिवार और रविवार को छोड़कर अगस्त 11, 2026 से पहले जितनी जल्दी हो सकें रिपोर्ट करें।

आईआईएसटी में रिपोर्ट करते समय आपको अंतिम ODVC एवं अंतिम सीट आबंटन पत्र साथ लाना होगा। नीचे दिए गए (क) से (ङ) तक के मूल दस्तावेज़ की जांच संस्थान में रिपोर्टिंग तथा प्रवेश के समय की जाएगी, जिसके बाद उनका सत्यापन किया जाएगा और वहीं वापस कर दिया जाएगा, जबकि नीचे दिए गए (च) से (ढ) तक के दस्तावेजों को संस्थान में रखा जाएगा। प्रवेश के समय आपको इसके साथ नीचे दिए गए दस्तावेज़ों की अनुप्रमाणित प्रतिलिपि भी जमा करनी होगी: -

(क) एसएसएलसी / एसएससी या समतुल्य

(ख) प्री-डिग्री / प्लस-2 या समतुल्य

(ग) बी. ई / बी. टेक / विज्ञान निष्णात, या समतुल्य उपाधि प्रमाणपत्र और सभी सत्रों के अंकों का विवरण सहित समेकित अंकसूची। अगर समेकित अंकसूची उपलब्ध नहीं है, तो सभी सत्रों की अलग-अलग अंकसूची दिखानी होंगी।

(घ) गेट स्कोर कार्ड

(ङ) यदि लागू हो तो, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी एस सी / एस टी प्रमाण-पत्र

(च) यदि लागू हो तो, सक्षम प्राधिकारी द्वारा 01/04/2026 को या उसके बाद जारी ओबीसी - नॉन क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र।

(छ) यदि लागू हो तो, सक्षम अधिकारी द्वारा 01/04/2026 को या उसके बाद जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र।

(ज) जिस संस्थान में आपने पिछली बार पढ़ाई की थी वहां से मूल ट्रांसफर/माइग्रेशन प्रमाण पत्र और आचरण प्रमाण पत्र

(झ) अगर आप पहले से ही केंद्र सरकार के किसी विभाग/संगठन/राज्य सरकार/सार्वजनिक प्राधिकरण में काम करने के लिए बाध्य हैं, तो प्रवेश लेने के लिए संबंधित प्राधिकारियों से 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) / कार्यमुक्ति आदेश

(ञ) आधार और APAAR ID की प्रतिलिपि ।

(ट) फीस जमा करने की रसीद

(ठ) प्रवेश पोर्टल पर प्रकाशित प्रोफार्मा में, श्रेणी 'A' के चिकित्सक से स्वस्थता प्रमाण पत्र और टीकाकरण प्रमाण पत्र (इसे आईआईएसटी के चिकित्सा अधिकारी को सौंपना होगा)

(ड) आईआईएसटी – वचन बद्धता (रिपोर्टिंग के दिन जारी की जाएगी)

(ढ) एआईसीटीई – वचन बद्धता (रिपोर्टिंग के दिन जारी की जाएगी)

1. **प्रवेश की तिथि व स्थान:** 07 अगस्त 2026 (शुक्रवार) सुबह 09:00 बजे, मल्टी-पर्पस हॉल, छात्र गतिविधि केंद्र (सैक), आईआईएसटी। छात्रों के लिए हॉस्टल की सुविधा 06.08.2026 को सुबह 09:00 बजे से उपलब्ध होगी।
2. **आईआईएसटी में कैसे पहुँचें:** आईआईएसटी पहुँचने के अनुदेश आईआईएसटी की वेबसाइट पर नीचे दिए गए लिंक पर देखे जा सकते हैं।

https://www.iist.ac.in/institute/contact-us

आईआईएसटी मुख्य द्वार (Google Location Map):
https://maps.app.goo.gl/jGhjMrAn1LQJqCNXA
या स्केन करें

3. छात्रों और अभिभावकों को आईआईएसटी में समय पर पहुँचने के लिए स्वयं व्यवस्था करनी होगी। छात्रावास में रहने की सुविधा छात्रों के लिए प्रवेश की तारीख की शाम से ही उपलब्ध होगी।
4. **छात्रावास आबंटन:** 07.08.2026 के प्रवेश के बाद छात्रों को ***ट्विन शेयरिंग*** हॉस्टल में रहने की सुविधा दी जाएगी। छात्रों को छात्रावास में उपयोग करने के लिए गद्दे, तकिए, चादर और अन्य निजी सामान की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। संस्थान छात्रों के लिए खाट, अलमारी, स्टडी टेबल और कुर्सी उपलब्ध कराएंगे। छात्रावास के कमरों में खाना पकाने की अनुमति नहीं है।
5. **शुल्क:** (a) CCMT के द्वारा प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए: चूंकि आप पहले ही CCMT के द्वारा फीस का कुछ हिस्सा जमा कर चुके हैं, इसलिए बाकी बची फीस ₹15,700/- (सामान्य / ओ बी सी / ई डब्ल्यू एस) या ₹5,700/- (एस सी /एस टी/पी डब्ल्यू डी) है।

   (b) मशीन लर्निंग और कंप्यूटिंग प्रोग्राम में एम. टेक के लिए प्रवेश लेने वाले छात्रों और सभी प्रायोजित छात्रों को ₹41,500/- (सामान्य / ओ बी सी / ई डब्ल्यू एस) अथवा ₹6,500/- (एस सी / एस टी / पी डब्ल्यू डी ) फीस जमा करनी होगी ।

   **फीस जमा करने का तरीका:** रिपोर्टिंग की तारीख (07 अगस्त 2026) को UPI QR स्कैन कोड के ज़रिए। भुगतान का कोई दूसरा तरीका (कैश/डेबिट/क्रेडिट कार्ड) उपलब्ध नहीं है। स्नातकोत्तर शुल्क की संरचना नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध है: https://www.iist.ac.in/admission/postgraduate-admissions-fee-structure
6. खाने का खर्च: परिसर में प्रत्यक्ष रूप से रिपोर्ट करने के बाद, ₹18,000/- की अग्रिम मेस शुल्क सीधे कैंटीन सर्विस को UPI माध्यम से जमा करनी होगी।

अगर आपके कोई और सवाल हैं, तो कृपया बेझिझक 0471-2568477/478 पर संपर्क करें या admissions@iist.ac.in पर ईमेल करें।

**शुभकामनाएं**
**अध्यक्ष-स्नातकोत्तर प्रवेश 2026**

**09.07.2026**